हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026



04 गणेश बावरी पर श्रमदान कर कलेक्टर श्रोत्रिय ने...



07 सीबीसी मशीन खराब, टेस्ट के लिए विजयपुर से श्योपुर...




## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ डॉ. गंगा प्रसाद आर्या ने किया पदभार ग्रहण

**सागर।** संचालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं शिक्षा चिकित्सा विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिय गये निर्देश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर का डॉ. गंगा प्रसाद आर्या द्वारा कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

### युवाओं ने रक्तदान कर रक्त श्रद्धांजलि दी

**रहली।** शहीदी दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को रहली के गांधी चौक बाजार में रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्त श्रद्धांजलि दी गई। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के द्वारा सद्भावना रक्तदान सेवा समिति गढ़ाकोटा के माध्यम से किया गया। शिविर का शुभारंभ शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। किशोरी बालिका चारुल हजारी ने पांचवी बार रक्तदान कर रक्तदान का महत्व बताया। रक्तदान शिविर के संयोजक अमित सोनी ने रक्तदान के महत्व एवं रक्त की उपयोगिता बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई भी हानि नही होती बल्कि स्वस्थ्य के लिए रक्तदान करना कई प्रकार से लाभ दायक है। रक्तदाताओं के द्वारा किया गया रक्तदान थैलीसीमिया से पीडित मरीजो, गर्भवती माताओं और दुर्घटना में घायल लोगो के लिए संजीवनी का काम करता है।रक्त की उपयोगिता का पूरा लेखाजोखा जिला अस्पताल में रहता है।आज 41 रक्तवीरो ने रक्तदान किया हे।

### एकता समिति ने शहीदों को नमन किया

**सागर।** एकता समिति ने क्रांतिकारी वीर शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धापूर्वक याद कर चरणों में नमन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी शिव भीमसरिया ने की। विशिष्ट अतिथि विनोद सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रो. शरदकांत सोनी थे।इस अवसर पर रशीद भाई, सुधीर जैन, कमलचंद जैन, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, चंपकभाई जैन, अनिल गंगवानी, अजीत जैन, प्रमोद चौरसिया, राजेंद्रसोनी मामा, मनोज जैन उपस्थित थे । सभी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रा संग्राम में वीर क्रांतिकारी देशभक्तों ने अपने प्राणों को हंसते-हंसते देश पर निछावर कर दिया। तब हमें जाकर यह आजादी प्राप्त हुई । हमें ऐसे वीर शहीदों की कुर्बानी को कभी भी नहीं भूलना चाहिए । आर्केस्ट्रा के प्रसिद्ध गायक अनिल गंगवानी में मधुर आवाज में देश भक्ति गीत मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गया। राजेंद्र सोनी मामा ने मधुर आवाज में आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की इस मिट्टी को तिलक करो यह धरती है बलिदान की पेश किया ।

### आंगनबाड़ी में विद्यारंभ समारोह आयोजित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को बच्चों के लिए विशेष समारोह आयोजित किए गए। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास सागर शहरी क्रमांक-1 अंतर्गत बाघराज वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 77 में विद्यारंभ समारोह संपन्न हुआ। समारोह के दौरान प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक स्वाति राय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेशमा चौरसिया एवं आंगनबाड़ी सहायिका शांति चौरसिया सहित आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने की गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा

# मत्स्य उत्पादन का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें, मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड मुहैया कराएं: कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मत्स्य उत्पादन का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी जिलों में मत्स्य पालन एवं मत्स्य उत्पादन का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। कमिश्नर ने सागर संभाग के कुछ जिलों में मत्स्य बीज उत्पादन के लक्ष्य में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मत्स्य बीज उत्पादन का भी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें।



कमिश्नर ने मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड वितरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के मछुआ परिवारों को भी क्रेडिट कार्ड वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन विभाग एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में सागर संभाग में गैस वितरण व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टीकमगढ़ जिले में गैस वितरण व्यवस्था को और बेहतर तथा सुचारू बनाया जाए। कमिश्नर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एजेंसीवार गैस के स्टॉक की समीक्षा करें और गैस वितरण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाएं।

बैठक में कमिश्नर ने गेहूं उपार्जन व्यवस्था की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए समुचित खरीदी केंद्र स्थापित करें, बारदानों की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा उपार्जन से पहले सत्यापन के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने दमोह और पन्ना जिले में सत्यापन के कार्य में तेजी नहीं आने पर कलेक्टर दमोह और पन्ना से चर्चा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने पीडीएस के लिए खाद्यान्न उठाव व्यवस्था की भी समीक्षा की।

बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की जिलेवार समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। कमिश्नर ने सागर संभाग में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि उक्त योजना सहित अन्य योजनाओं का भी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने नापतौल विभाग एवं बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर के कार्यों की भी समीक्षा की।



## पुराने जल स्रोत पुनर्जीवित करें, जल है तो कल है: कलेक्टर संदीपजी आर

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ रहली विकासखंड के ग्राम मुहली पहुंचे। जहां उन्होंने गांव की प्राचीन बावड़ी का अवलोकन किया। जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन एंव उनके क्षमता विस्तार हेतु चलाएं जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के सुचारू और सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम कुलदीप पाराशर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने बावड़ी की वर्तमान स्थिति देखी और उसे स्वच्छ-सुंदर बनाने तथा जल संरक्षण की दृष्टि से मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी रूप से चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य नदियों, तालाबों, बावड़ियों और अन्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना तथा जन-जन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

## निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नगर निगम क्षेत्र में बकाया करों की वसूली को लेकर राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी की उपस्थिति में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त ने सभी कर संग्राहकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में लंबित राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने वार्डवार वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए पाया कि कुछ क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं हो पाई है। इस पर उन्होंने संबंधित कर संग्राहकों को सख्त निर्देश दिए कि वे आगामी 31 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर संपत्ति कर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों के किराए सहित अन्य सभी करों की पूर्ण वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व वसूली नगर निगम के विकास कार्यों की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब बहुत कम समय शेष है, ऐसे में सभी कर संग्राहकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बकायादारों की सूची तैयार कर उनसे व्यक्तिगत संपर्क किया जाए और आवश्यकता अनुसार नोटिस जारी कर वसूली की कार्रवाई तेज की जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बड़े बकायादारों पर विशेष ध्यान दिया जाए और आवश्यक होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से करों का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। कर संग्राहकों को यह भी कहा कि वे क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों की जानकारी दें और यह भी बताएं कि 31 मार्च के बाद संपत्तिकर की राशि दोगुनी हो जाएगी। निगमायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो कर संग्राहक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं कर पाएंगे, उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करते रहें, जिससे निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## पहाड़ी से आ रही थी तेज दुर्गंध, लोग देखकर रह गए हैरान, फिर पहुंची पुलिस



**गढाकोटा।** पहाड़ी पर स्थित जंगल से बेहद तेज दुर्गन्ध आ रही थी। जब नजदीक जाकर देखा गया तो नज़ारा देखकर लोग हैरान रह गए। तत्काल ही इस बात की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। दरअसल यहां कुछ दिन पुरानी एक अज्ञात शख्स की डेड बॉडी मिली है। जिससे गांव में सनसनी फ़ैल गयी। मामला सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से सामने आया है। पुलिस ने डेड बॉडी को उतारकर सामुदायिक अस्पताल भेजा। साथ ही मामले को जांच में लिया। बताया गया की डेड बॉडी तकरीबन 10 दिन पुरानी है। बताया जा रहा है की गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत मुर्गा गांव में उस समय सनसनी फ़ैल गयी जब गांव के पास की पहाड़ी पर अज्ञात व्यक्ति की डेड बॉडी मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से अज्ञात बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए गढाकोटा स्थित सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। फिलहाल यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। क्योंकि अभी अज्ञात की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फ़लिहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामले में थाना प्रभारी शिवम दुबे ने जानकारी दी और बताया कि ग्राम मुर्गा के कोटवार द्वारा जानकारी दी गई थी कि ग्राम की पहाड़ी पर पेड़ से फांसी पर लटका हुआ एक अज्ञात शव मिला है जिसकी तकदीस हेतु पुलिस टीम रवाना की गई शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की गई है शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है जिसे पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस में रखा गया है उसकी पहचान के लिए कार्यवाही की जा रही है ।



## खुरई में निषादराज जयंती पर शोभायात्रा डीजे की धुन पर युवा नृत्य करते चले

**खुरई।** निषाद राज जयंती के मौके पर रैकवार समाज ने बड़े उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली। पठारी रोड स्थित मंदिर घाट से शुरू हुई यह यात्रा शहर के मुख्य रास्तों से गुजरी, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में घोड़ा-बग्गी पर भगवान निषाद राज की प्रतिमा विराजमान थी, जिसकी जगह-जगह लोगों ने श्रद्धा के साथ पूजा-आरती की। यात्रा के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की नाव वाली सजीव झांकी ने सबका मन मोह लिया। शहर के झंडा चौक, अंबेडकर चौराहा और किला गेट जैसे प्रमुख चौराहों पर फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। पूरी शोभायात्रा के दौरान युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। डीजे और बैंडबाजे की धुन पर युवा जमकर थिरके, वहीं घोड़ों पर सवार श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे। यह यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद वापस मंदिर घाट पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में रैकवार समाज के महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय: विद्यार्थियों ने की पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉ. अंबेडकर चेयर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग के बीएड अर्थशास्त्र विद्यार्थियों द्वारा पक्षी एवं जीव जंतुओं के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी की व्यवस्था आसपास के क्षेत्रों में की गई एवं प्रतिदिन उक्त बर्तनों में पानी डालने के लिए भी प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार सहित छात्र कृष्ण गोपाल मालवीय, रचना, अंजनी जैन, सोनिया, जितेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## खुरई में बिजली बिल नहीं भरने पर 5 बाइक कुर्क 10 हजार से ऊपर के डिफॉल्टरों पर कार्रवाई




**खुरई।** ग्रामीण बिजली कंपनी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की पांच बाइक कुर्क की हैं। टीम ने उन ग्रामीण उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जिन पर 10 हजार रुपए से अधिक का बिल लंबित था। विभाग ने बताया कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर कुल 4 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। ग्रामीण इंजीनियर राहुल सिंह ठाकुर ने सोमवार शाम 6:30 बजे बताया कि टीम ने ग्राम लुहर्रा, हनोता, जगदीशपुर और सिलारपुर में कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान कुल 10 मोटरसाइकिलें और दो सिंचाई मोटर जब्त की गई थीं। कार्रवाई के डर से पांच उपभोक्ताओं ने मौके पर ही लगभग 80 हजार रुपए का बकाया जमा कर दिया, जिसके बाद उनके वाहन छोड़ दिए गए। कुर्क की गई पांच बाइक मालिकों पर कुल 1 लाख 30 हजार रुपए का विद्युत देयक बकाया था। अधिकारियों ने बताया कि इन उपभोक्ताओं को पूर्व में कई बार नोटिस और चेतावनियां जारी की गई थीं, लेकिन राशि जमा नहीं की गई। विभाग ने सिलारपुर, निर्तला, सुनेटी और रीठौर जैसे क्षेत्रों में भी सख्ती दिखाई है। इंजीनियर राहुल सिंह ठाकुर ने बताया कि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के बाद ही बाइक वापस की जाएगी। विभाग का यह वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कुर्की और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें।

## वित्तीय वर्ष समाप्त होने में 7 दिन शेष, बकाया दरों का संपत्तिकर हो जाएगा दोगुना

**सागर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब केवल 7 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में जिन नागरिकों द्वारा अब तक संपत्तिकर की बकाया राशि जमा नहीं की गई है, उनके लिए यह अंतिम अवसर है। यदि 31 मार्च तक बकाया संपत्तिकर जमा नहीं किया जाता है, तो शासन के नियमानुसार उक्त कर राशि दोगुनी हो जाएगी। इसके साथ ही जलकर सहित अन्य करों पर भी निर्धारित दर से अधिभार लगाया जाएगा, जिससे करदाताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार की राहत प्रदान नहीं की जाएगी। अतः सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और शीघ्र ही अपने बकाया करों का भुगतान कर दें, जिससे उन्हें अनावश्यक कार्रवाई एवं अधिभार से बचाया जा सके। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा कटरा बाजार स्थित पं. मोतीलाल नेहरू स्कूल परिसर एवं नगर निगम कार्यालय में संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य करों की राशि जमा करने के लिए काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। जहां पर नागरिक आसानी से अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते हैं। 31 मार्च तक सभी काउंटर अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे— नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए राजस्व अधिकारी श्री बृजेश तिवारी को निर्देशित किया है कि 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी सभी काउंटर खुले रखे जाएं।



## एकीकृत बागवानी मिशन: फसलों की नवीन तकनीकी पर कार्यशाला प्रारंभ

**सागर।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला सागर द्वारा जिला पंचायत सभागार मे एकीकृत बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीकी, फ्रूट फॉरेस्ट्री, हाइड्रोपोनिक्स विषय पर कार्यशाला/ सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस कार्यशाला के उदघाट्न सत्र में मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यशाला को प्रारंभ किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अधिकारी आशीष त्रिपाठी ने बताया की हमें खेती, और फसलों के संरक्षण के लिए सूक्ष्म तकनीकी उपायों को भी उपयोग करना चाहिए। कृषि कार्य के साथ कृषि जागरूकता भी आवश्यक है। युवा जैविक कृषक आकाश चौरसिया ने बताया की बुंदेलखंड में पानी की काफी समस्या रही हैं हमें खेत के जल को खेत में उपयोग करने की योजना पर कार्य करने होगे। मल्टी लेयर खेती से हम सीमित भूमि पर अनेक प्रकार से उत्पादन बढ़ा सकते हैं। अनुपयोगी फसलों के निष्पादन की जगह उसके उपयोग को महत्व देना होगा। संयुक्त संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण सागर पी एस बढ़ोले ने बताया की हमें फसलों को मौसम अनुरूप आय बढ़ाने की योजना पर कार्य करना होगा। जब दिसंबर जनवरी में नींबू के बीज को लगाकर हम निरंतर देख रेखके माध्यम से अप्रैल में नींबू की मांग अधिक रहती है और दाम भी अच्छे मिलते हैं। टमाटर उत्पादन में भी बहुत अवसर वर्तमान में है। वर्तमान अवसरों को आय बढ़ाने का स्त्रोत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में अश्विनी मोनडे, अशोक मलारया, राम कुमार यादव, प्रदीप परिहार, विदेश प्रजापति, हर्षदीप यादव, रानू कुर्मी, अमृता बड़कुल, मेघा व्यास, रिया द्विवेदी, सुरभि शर्मा, शैलजा ढोके, राघव शिल्पकार, रोहित, शुभम, सोमनाथ कुर्मी आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला ग्रामीण आजीविक मिशन सागर अनूप तिवारी, ऋतु सेन और 200 से अधिक किसान उद्यमी, और महिला कृषक उपस्थित रहे।

शहीद दिवस पर शहीदों को नमन के साथ सागर के साहित्यकारों के सम्मान को सम्मान

# शहीदे-आज़म भगत सिंह गर्म दल के साथ अहिंसा के सच्चे समर्थक थे: रामनरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम शहीद दिवस पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वृंदावन राय सरल, विशिष्ट अतिथि पी.आर.मलैया व ममता भूरिया एवं संचालन अमित आठिया ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड.राम नरेश सिंह राजपूत ने शहीदों को श्रृद्धांजलि देते हुए शहीदे-आज़म भागत सिंह की 23 वर्ष की अल्पायु में राष्ट्र के लिये जो कीर्तिमान स्थापित किये वो अस्मरणीय हैं। उन्होंने कहा कि सरदार भगतसिंह और उनके साथियों ने जेम्स स्कॉड को मारने का इरादा कर जहां लाला लाजपतराय के बलिदान का बदला लेने के लिये गर्म दल के समर्थक होने का प्रमाण दिया वहीं दूसरी ओर असेंबली में बम





फेंक कर अहिंसा की मिसाल पेश की। भगत सिंह के शब्द थे कि मैं किसी को भी जान माल की हानि पहुंचाना नहीं चाहता इस बम को फेंकने का इरादा सिर्फ़ इतना है कि बहरों को सुनाने के लिए धमाके की आवश्यकता होती है। उनकी इस प्रतिक्रिया से अंग्रेजी हुकूमत इस क़दर प्रभावित हुई कि उसकी नींव हिल गई,भारत में जिस तेज़ी से लोग इकट्ठे हुए और उनकी मृत्यु का विरोध किया जाने लगा। इसके परिणाम ये हुए की 30 मार्च 1931 में होने वाली फांसी को 23 मार्च 1931 में एक हफ़्ते पहिले उन्हें फांसी देनी पड़ी। यह उन युवाओं के बलिदान का प्रतीक था जिसने देश की क्रांति को एक नई ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया जिसके परिणाम स्वरुप ही हमें 1947 में आज़ादी मिली और अंत में उन्होंने जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी की कविता की पंक्तियां स्मरण करते हुए कहा शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाक़ी निशां होगा।

मुख्य अतिथि वृंदावन राय सरल ने शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा उस घड़ी हमने नहीं की फ़िक्र अपनी जान की। बात आगे आ गई जब देश के सम्मान की। विशिष्ट अतिथि पी.आर.मलैया व ममता भूरिया के साथ देवी सिंह राजपूत, मणिदेव ठाकुर, मीता कनोजिया, एम.शरीफ, सुल्तान ख़ान,ने काव्य पाठ किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई, गहरीकरण व पुनरुत्थान का लिया संकल्प

# गणेश बावरी पर श्रमदान कर कलेक्टर श्रोत्रिय ने दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में जल संकट से निपटने और पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा पुनः प्रयास तेज कर दिए गए हैं। उक्त अभियान के तहत पीजी कॉलेज के समीप स्थित गणेश बावरी पर व्यापक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने मिलकर जल स्त्रोत की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्य किया। उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को जल संरक्षण का प्रेरक संदेश देकर जनता को आगे आकर अपनी जिम्मेवारी निभाने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि जल स्त्रोतों को समय रहते संरक्षित और पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे अपने गांव और शहर के तालाब, कुएं, बावड़ियों और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण के लिए आगे आएं। श्रमदान की परंपरा को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जाए।

#### प्राचीन बावड़ियों को दिया जाएगा पुनर्जीवन

अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा शहर की प्राचीन बावड़ियों के पुनरुत्थान का संकल्प लिया गया है। इस योजना के तहत बावड़ियों की सफाई, गहरीकरण, मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था सुधार, सीढ़ियों और दीवारों की मरम्मत जैसे कार्य नगरपालिका द्वारा किए जाएंगे, ताकि वर्षा जल संचयन को बढ़ाया जा सके और भूजल स्तर में सुधार हो सके। विशेषज्ञों के अनुसार टीकमगढ़ क्षेत्र में पहले बावड़ियां और तालाब ही पेयजल और सिंचाई का मुख्य स्त्रोत हुआ करते थे, लेकिन उपेक्षा के कारण अधिकांश जल स्त्रोत या तो बंद हो गए या गंदगी से भर गए। अब प्रशासन द्वारा इन्हें पुनर्जीवित करने की पहल की जा रही है।

#### जनभागीदारी से ही सफल होगा अभियान

इस श्रमदान कार्यक्रम में नपा परिषद के सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, रोबिन हुड आर्मी के सदस्य, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे जल स्त्रोतों में कचरा न डालें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें। जिससे जल संरक्षण किया जा सके और भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके। साथ ही प्राचीन जलस्त्रोतो को पुनर्जीवित करके जल संकट को खत्म किया जा सके।

#### क्या है जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जिले के पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे तालाब, कुएं, बावड़ी, झिरिया आदि का संरक्षण, पुनर्जीवन और जल संचयन क्षमता बढ़ाना है। इस अभियान के तहत जल स्त्रोतों की सफाई, गहरीकरण, जल संरचनाओं की मरम्मत, वर्षा जल संचयन के साथ साथ जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता जैसे कार्य किए जा रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में अधिक से अधिक जल संरचनाएं पुनर्जीवित हों, जिससे भूजल स्तर बढ़े और भविष्य में जल संकट की समस्या से राहत मिल सके।

#### प्रत्येक नागरिक निभाए अपनी जिम्मेदारी

कलेक्टर श्रोत्रिय ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि जल है तो कल है। इसलिए हर नागरिक को जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। प्रशासन और जनता ज़ब साथ मिलकर काम करेंगे तभी जल गंगा संवर्धन अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को सुरक्षित रखा जा सकता है। अन्यथा जीवन का महत्वपूर्ण आधार जल की कमी को दूर करना असंभव होगा। जिसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।

### रामनवमी शोभायात्रा पर हुआ सांस्कृतिक आयोजन

# माउंट लिटेराजी स्कूल परिसर में हुई विशेष पूजा-आरती, प्रसाद में पोहा जलेबी वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रामनवमी के उपलक्ष्य मे निकाली जा रही शोभायात्रा के पावन अवसर पर माउंट लिटेरा जी स्कूल में विशेष पूजा एवं आरती का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से पूजा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरमैन प्रीति उपाध्याय एवं डायरेक्टर डॉ एसआर उपाध्याय ने पूजा-अर्चना एवं आरती की और विद्यालय, विद्यार्थियों और स्टाफ की सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरती के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और श्रद्धामय हो गया।

पूजा-आरती के उपरांत उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद स्वरूप पोहा एवं जलेबी वितरित की गई। इस दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्य एक साथ उपस्थित रहे और धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। इस आयोजन ने विद्यालय परिसर में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया तथा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास हो सके। और विद्यार्थियों मे सनातन धर्म को लेकर जागरूकता बढ़ सके। विद्यालय की चेयरमैन प्रीति उपाध्याय एवं डायरेक्टर डॉ एसआर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान समय मे युवा वर्ग पाश्चात्य संस्कृति के प्रति आकर्षित है। जबकि पाश्चात्य संस्कृति यूरोपीय, अमेरिकी और अन्य पश्चिमी देशों के सामाजिक मानदंडों, विश्वासों, मूल्यों और जीवनशैली पर आधारित होती है। यह मुख्य रूप से व्यक्तिगत स्वतंत्रता, तार्किकता, लोकतंत्र, भौतिकवाद और आधुनिक विज्ञान पर आधारित है, जिसकी जड़ें प्राचीन ग्रीक और रोमन सभ्यता में निहित हैं। जबकि भारतीय संस्कृति सिंधु घाटी सभ्यता और वेदों से विकसित हुई है, जो हज़ारों वर्षों पुरानी एक सनातनी और विविधतापूर्ण जीवन शैली है। इसका अर्थ नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिकता, वसुधैव कुटुंबकम्, अतिथि देवो भव, सहिष्णुता, और विभिन्न धर्मों-भाषाओं के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व से है।

### नियम तोड़ने वालों से वसूला गया अर्थदंड

# पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान 225 की जांच, 30 पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में आगामी त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ एवं यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच एवं यातायात प्रबंधन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना है। यह अभियान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं यातायात अमले द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, सीमावर्ती मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर लगातार चेकिंग एवं निगरानी की जा रही है।

अभियान के तहत विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों, ओवरलोडिंग, अधिक सवारी बैठाने, बिना वैध दस्तावेज के वाहन चलाने तथा मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। 23 मार्च को जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर व्यापक वाहन जांच की गई। इस दौरान कुल 225 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 30 वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 8 हजार 200 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों तथा एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही निर्बाध बनी रहे, ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतें, यातायात नियमों का पालन करें तथा संयमित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन करें। आपकी सावधानी ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार है। जिला पुलिस टीकमगढ़ सुरक्षित त्योहार, सुचारु यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

## सेवा, समर्पण व समाजहित का प्रतीक भगवान निषादराज: सीएम

**टीकमगढ़।** जिले में निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर परिषद बल्देवगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और मत्स्य पालन से जुड़े समुदाय के लिए विशेष सुविधाएं देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के साथ निषादराज की आरती उतारी गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव कटनी और बल्देवगढ़ में आयोजित निषादराज जयंती कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए और समाजजनों को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान निषादराज ने भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जो सेवा, समर्पण और समाजहित का प्रतीक है। उन्होंने निषाद समाज के लोगों को निषादराज भगवान के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी परंपरा और इतिहास से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने ह्यकृषक कल्याण वर्षह्न के तहत मत्स्य पालन से जुड़े समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 4.40 लाख हेक्टेयर जल क्षेत्र उपलब्ध है, जिसमें से 99 प्रतिशत जल क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट फिश पार्लर प्रारंभ करना, झींगा पालन को बढ़ावा देना, नीली क्रांति के तहत केज कल्चर को प्रोत्साहन, आइस बॉक्स युक्त बाइक वितरण तथा आधुनिक तकनीक से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं



संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में लगभग डेढ़ लाख मछुआ कार्ड वितरित किए जा चुके हैं और मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में लगातार अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। बल्देवगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं निषाद समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और समाज कल्याण योजनाओं का संगम देखने को मिला।

### हनुमान मंदिर चोरी कांड का खुलासा, पुलिस टीम का किया सम्मान

**टीकमगढ़।** जिले के थाना बम्होरीकला क्षेत्र अंतर्गत हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया सम्पूर्ण सामान बरामद कर लिया है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से प्रसन्न होकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित पूरी पुलिस टीम का सम्मान किया गया। जानकारी के अनुसार 14 नवंबर 2025 को मंदिर के पुजारी द्वारा मंदिर से पीतल के घंटे एवं चांदी का मुकुट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। उक्त पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से मंदिर से जुड़ी आस्था की वस्तुओं की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित हो सकी। चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा होने पर हनुमान मंदिर के पुजारी एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। 24 मार्च को मंदिर समिति का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, थाना प्रभारी बम्होरीकला उप निरीक्षक नीतू खटीक एवं पुलिस टीम को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़ी घटनाओं को पुलिस अत्यंत गंभीरता से लेती है। पुलिस का प्रयास रहता है कि त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए और आमजन की आस्था एवं विश्वास को बनाए रखा जाए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है। पुलिस की तत्परता ने यह स्पष्ट किया है कि समाज की आस्था और सुरक्षा की रक्षा के लिए पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है।



### फील्ड ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

# जनगणना 2027 की डिजिटल तैयारी प्रारंभ, 1 मई से मकानों की गणना



**टीकमगढ़।** जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जनगणना कार्य को लेकर मंगलवार को गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में फील्ड ट्रेनरों को मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताते हुए फील्ड ट्रेनरों से प्रशिक्षण को गंभीरता से समझने और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि फील्ड ट्रेनरों का यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण है। उक्त प्रशिक्षण में मकानों की नंबरिंग, मकान सूचीकरण, डेटा संकलन और डिजिटल एंट्री की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद ट्रेनरों का परीक्षण भी लिया जाएगा, ताकि वे सही तरीके से अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे सकें। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जनगणना 2027 की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इसके लिए नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल की सुविधा भी दी जाएगी, जहां नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जब गणक घर-घर पहुंचेंगे, तब नागरिकों को यह जानकारी बतानी होगी, जिसे गणक डिजिटल रूप से दर्ज करेंगे। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। इनमें प्रमुख रूप से भवन नंबर एवं जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और उसकी स्थिति, पेयजल का मुख्य स्त्रोत, बिजली या प्रकाश का स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी व्यवस्था, रसोईघर की उपलब्धता और ईंधन का प्रकार आदि जानकारी शामिल होगी।

जनगणना 2027 दो चरणों में पूरी की जाएगी जिसके पहले चरण मे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण मे जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब जनगणना अधिकारी उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।

जेल परिसर में मुनि श्री का प्रवचन, कैदियों ने लिया शराब, मांस व आत्महत्या त्याग का संकल्प

# मन, वचन, कर्म से किसी को कष्ट न देना ही सच्चा धर्म : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिला जेल में जैन संतों के प्रवचन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणाचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य मुनि विकौशल सागर महाराज ने जेल पहुंचकर कैदियों, जेलर एवं जेल अधिकारियों को प्रवचन दिया। इस दौरान मुनिश्री के प्रवचनों से प्रभावित होकर कैदियों ने शराब, मांस जैसे दुर्व्यसनों सहित आत्महत्या जैसे कुविचारों का त्याग करने का संकल्प लिया।

प्रवचन के दौरान मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य अपने सुख-दुख का स्वयं जिम्मेदार होता है। कोई दूसरा व्यक्ति न तो किसी को दुख दे सकता है और न ही सुख। व्यक्ति अपने कर्मों से ही अपना भाग्य बनाता है। क्योंकि अच्छे कर्म अच्छे फल देते हैं और बुरे कर्म दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों से जीवन में सुख, समृद्धि, आज्ञाकारी संतान, अच्छा परिवार और वैभव प्राप्त होता है, जबकि बुरे कर्म मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं। मुनि श्री ने भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह आदि ये पांच पाप हैं और इनका त्याग करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि जो स्वयं को बुरा लगे, वह कार्य मन, वचन और कर्म से दूसरों के लिए कभी नहीं करना चाहिए। यही धर्म का पहला लक्षण है। प्रवचन के अंत में कैदियों ने मुनि श्री के समक्ष मांस, शराब और आत्महत्या का त्याग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों द्वारा जेलर एवं अन्य अधिकारियों का सम्मान भी किया गया। मुनि श्री द्वारा कैदियों के लिए धार्मिक साहित्य प्रदान किया गया तथा जेल की लाइब्रेरी के लिए गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज द्वारा रचित साहित्य भेंट किया गया। प्रवचन के बाद जेलर द्वारा मुनि श्री को संपूर्ण जेल का निरीक्षण भी कराया गया, जिसमें पुस्तकालय, सिलाई केंद्र, आरोग्यधाम अस्पताल एवं भोजनालय आदि व्यवस्थाएं दिखाई गईं। अंत में जेल प्रशासन एवं कैदियों ने मुनि श्री को प्रणाम कर उनका आभार व्यक्त किया।

### साप्ताहिक जनसुनवाई से बढ़ा जनता का भरोसा, शिकायतों में आई कमी

# सीधा संवाद ही है विश्वास की सबसे मजबूत नींव: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में नागरिकों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद पहल अब प्रभावी परिणाम देने लगी है। यह पहल समस्याओं के समाधान के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा, विश्वास और सहभागिता की भावना को सुदृढ़ कर रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में यह व्यवस्था एक जनोन्मुखी पुलिसिंग मॉडल के रूप में उभर रही है, जहां कार्रवाई से पहले संवाद और समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। 24 मार्च को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने विक्रम सिंह कुशवाहा एवं राहुल कटरे की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान प्रत्येक आवेदक को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ पंजीबद्ध किया गया, कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा लंबित प्रकरणों में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों को खुलकर अपनी समस्याएं रखने के लिए प्रेरित किया गया। जनसुनवाई में विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इस पहल को थाना एवं चौकी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी समस्याओं के समाधान की सुविधा मिल रही है और उन्हें अनावश्यक दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है। इस जनसुनवाई प्रणाली के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो पुलिस की सक्रियता, संवाद आधारित कार्यप्रणाली और त्वरित समाधान प्रणाली को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि सीधा संवाद ही विश्वास की सबसे मजबूत नींव है। पुलिस का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को न्याय, सुरक्षा और सम्मान का अनुभव हो तथा उसकी समस्या का समाधान समय पर हो। जिला पुलिस टीकमगढ़ संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ एक सुरक्षित, भरोसेमंद एवं सहभागी समाज के निर्माण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

### सिविल के बजाए पीएचसी सुविधा पर अटकी सीएचसी की स्वास्थ्य सेवा

# सीबीसी मशीन खराब, टेस्ट के लिए विजयपुर से श्योपुर भेजे जा रहे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला मुख्यालय से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर विजयपुर में स्वास्थ्य सेवा हमेशा से ही बद से बदतर रही है। कहने को तो यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्थापित है लेकिन वहां नागरिकों को सीएचसी के लायक सुविधा कभी नहीं मिली अलबत्ता अब सरकार ने वहां सीएचसी को उन्नयन कर सिविल हॉस्पिटल का दर्जा दे दिया है लेकिन नई बिल्डिंग बनने से पहले यह सुविधा फिलहाल शुरू नहीं हो सकेगी ऐसी स्थिति में विजयपुर वासियों को सिविल हॉस्पिटल की सेवाएं तो क्या प्राथमिक स्तर की सेवाएं भी मुश्किल से मिल रही है। इसकी बानगी इन दिनों खराब पड़ी विभिन्न टेस्ट मशीने हैं। एक्सरा मशीन तो बीते एक माह से बंद पड़ी ही है,अब सीबीसी मशीन भी खराब हो जाने के कारण ब्लड टेस्ट के लिए सैंपल जिला अस्पताल में भेजे जा रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में सोमवार और मंगलवार को लोग ब्लड टेस्ट कराने के लिए परेशान हो गए इन दिनों मौसमी जनित बीमारियों का प्रकोप शुरू हो चुका है। लोगों का इलाज करने से पहले चिकित्सक उनकी ब्लड टेस्ट कराते हैं और ब्लड जांच का सबसे अच्छा माध्यम सीबीसी है जिसमें विभिन्न प्रकार की जांच रिपोर्ट एक साथ आ जाती है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह मशीन सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है लेकिन दो दिन से मशीन खराब पड़ी है इस मशीन को ना तो कोई सुधारने वाला ऑपरेटर वहां है ना ही बाजार से बुलाया जा रहा है। मजबूरी में जो मरीज अस्पताल में भर्ती है उनके सैंपल लेकर जिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं लेकिन जिला अस्पताल की दूरी 150 किलोमीटर दूर होने के चलते यह सैंपल कब जाते हैं और कब आते हैं इसका अनुमान लगाना मुश्किल भी नहीं है।

सीबीसी मशीन खराब होने से लोगों को इलाज में परेशानी तो हो ही रही है, आश्चर्य की बात यह है कि मरीज ब्लड सैंपल की जांच के लिए परेशान बने हुए हैं और जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं है।




#### निजी लैब संचालकों की हुई चांदी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में इलाज के लिए आने वाले मरीजों का परीक्षण करने के बाद डॉक्टर उन्हें सीबीसी जांच करने को लिख रहे हैं लेकिन अस्पताल की मशीन खराब होने के चलते लोगों को मजबूरी में बाजार में यह जांच करानी पड़ रही है और बाजार में जांच के लिए मरीजों से 300 रुपए प्रति जांच तक वसूले जा रहे हैं। अस्पताल में फ्री होने वाली इस जांच के लिए लोगों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है जिससे सरकार का आम जन को फ्री में इलाज देने की गारंटी यहां सार्थक नहीं हो पा रही है। इसका विपरीत प्रभाव गरीब वर्ग पर अधिक पड़ रहा है खास कर आदिवासी समुदाय के लिए इन दिनों सरकारी हॉस्पिटल में इलाज कराना भारी पड़ रहा है।

#### आधे से अधिक मरीज़ इलाज को पहुंच रहे सबलगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में जांच की सुविधा का ही अभाव नहीं चिकित्सकों की भी कमी हमेशा बनी रहती है। यहां पर लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल रहा है जिससे मजबूर होकर लोग या तो निजी चिकित्सकों के पास इलाज कराने जा रहे हैं जिसके चक्कर में वह नीम हकीम के गिरफ्त में आकर पैसा और जान दोनों ही संकट में डाल रहे हैं या फिर वह सबलगढ़ जाकर इलाज कराना आसान समझ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना जितने मरीज इलाज के लिए आते हैं उतने ही मरीज विजयपुर से सबलगढ़ (मुरैना जिला) सिविल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सबलगढ़ में चिकित्सकों स्टाफ और विभिन्न जांच सुविधा मौजूद है जिससे विजयपुर वासियों और आसपास के गांव के लोगों को भी विजयपुर के बाजार सबलगढ़ पहुंचकर इलाज कराना आसान दिखाई पड़ता है।

#### इनका कहना...

मैं बैठक में शामिल होने के लिए श्योपुर आ गया हूं, इसलिए बता नहीं सकता कि सीबीसी मशीन खराब कैसे हो गई है। मैं जानकारी लेता हूं

**डॉ राघवेंद्र कर्ण**
बीएमओ विजयपुर

### समारोह पूर्वक हुआ गणगौर मेला का समापन, उमड़ा जनसैलाब

# सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को सहेजे रखने का हुआ अतुलनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तीन दिवसीय गणगौर मेला का समापन मंगलवार की रात समारोह पूर्वक हो गया। इस दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर उन्हें नगर पालिका की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन कोटा से आई आर्केस्ट्रा पार्टी ने धार्मिक लोक गानों एवं नृत्य का प्रदर्शन कर लोगों का खूब मन मोहा। इससे पहले बाजार में टोली बनाकर आए युवाओं ने काली माता ओर दूसरे धार्मिक पात्रों का स्वांग रच कर गणगौर मेले में आए सैलानियों का खूब मनोरंजन किया।

तीन दिवसीय गणगौर मेला का मंगलवार को अंतिम दिन था मेला के पहले दिन महिलाओं ने गणगौर सजा कर उसकी पूजा की दूसरे दिन गंगौरों को मंदिरों के बाहर दर्शनों को रखा गया इसके बाद तीन दिन तक आनंदी माता मंदिर से सुबात कचहरी के पास हमेशा की तरह इस साल भी मेला आयोजित किया गया। मंगलवार को मेला का समारोह पूर्वक समापन हुआ इन तीन दिनों में पहले दिन गणगौर दर्शनों के लिए रखी गई दूसरे और तीसरे दिन गणगौर के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिनमें युवाओं द्वारा काली माता सहित कई धार्मिक पत्रों के स्वांग रच कर सैलानियों का मनोरंजन किया गया। एक दर्जन से अधिक स्थानों से आई गणगौर को समापन के बाद वापस मंदिर ले जाया गया जहां अब वह 1 साल बाद ही वापस दर्शनों के लिए लाई जाएंगी। इस दौरान इस प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा को बचाए रखने में योगदान देने वाले विभिन्न मंडलों और कलाकारों को सम्मानित करने का काम नगर पालिका परिषद की ओर से किया गया।





#### श्योपुर में 400 साल पुरानी है गणगौर मेले की परंपरा

इतिहासकार और पुरातत्वविद् कैलाश पाराशर बताते हैं कि राजस्थान के इस त्योहार पर मेले की शुरुआत लगभग 400 साल पूर्व गौड़ राजाओं के समय हुई थी। तत्समय मेले का आयोजन किले में होता था और गुरुमहल के नीचे की ओर स्थित बाजार में गणगौर की सवारियां रखी जाती थी, जहां राजा स्वयं आकर बैठते थे। बाद में सिंधिया रियासत के दौरान गणगौर की सवारियां किले के नीचे बैठने लगी और फिर यहां सूबात कचहरी(वर्तमान में भी यहीं) पर ये मेला आयोजित किए जाने लगा। सिंधिया रियासत के समय गणगौर मेले के दौरान कलेक्टर बैठते थे। आजादी के बाद मेले का आयोजन स्थानीय समितियों के हाथों में आ गया। यही वजह है कि बीते 400 सालों से गणगौर मेला और गणगौर की सवारियां निकाले जाने की परंपरा चल रही है। बकौल पाराशर पूर्व में राजा और सिंधिया रियासत द्वारा गणगौर की सवारियां निकाली जाती थी, लेकिन बाद में विभिन्न मोहल्लों द्वारा गणगौर निकाली जाती रही है। इसी के तहत भूरी पाड़ा, पचरंग पाड़ा, टोड़ी बाजार, चौपड़ आदि की गणगौर पहले दिन मोहल्लों में ही बैठती हैं और दूसरे व तीसरे दिन सवारी निकलती है। मेले में विभिन्न स्वांग भी आयोजित किए जाते हैं।

# चौंडपुर में चोरीः एक मकान से समेटा माल, दूसरे से खाली हाथ लौटे चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के चौंडपुर गांव में बीती रात को चोरो ने दो मकानों पर धावा बोल दिया। हालांकि चोरों को एक मकान से कुछ हाथ नहीं लगा,लेकिन सीढी लगाकर दूसरे मकान में घुसे चोर 4 हजार रूपए नकदी और चांदी के आभूषण समेट ले गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चौडपुर में सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात को चोरों ने सबसे पहले राकेश सोलंकी के मकान की पीछे से दीवार फोडी। लेकिन दीवार ठीक तरह से फूट नहीं पाने से यहां चोरों को कुछ हाथ नहीं लगा। मगर चोर राकेश के घर में रखी सीढी उठाकर उससे पडोस में रहने वाले रामसिंह मीणा के घर में दाखिल हो गए। रामसिंह मीणा ने बताया कि वारदात के दौरान चोर चांदी की एक जोडी तोडिया, चांदी की चैन और करीब 4 हजार रूपए चोरी कर ले गए। जिसका पता हमे सुबह 5 बजे नींद खुलने पर चला। घटना की सूचना सुबह पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया और चोरी का प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।



# बच्चों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सक्षम बनाती है प्राथमिक शिक्षाःसुमन



**श्योपुर।** आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल-आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वे विद्यालय के वातावरण के लिए तैयार हो सकें। यह प्रक्रिया न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ती है बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाती है। यह समारोह न केवल बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि यह समाज को भी यह संदेश देता है कि प्रारंभिक शिक्षा में निवेश, देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। यह बात महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन ने कराहल परियोजना अंतर्गत ढेगंदा सी आंगनवाड़ी केंद्र में 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चों के लिए आयोजित विद्यारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, प्राथमिक शिक्षक राधेश्याम सिंह, सुपरवाइजर प्रेमलता मेहरा एवं रॉकेट लर्निंग टीम से खुशाग्र शर्मा और योगेंद्र यादव आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में अपनी प्रारंभिक (अनौपचारिक) शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की है और अब वे प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समुदाय की उपस्थिति भी रही।

# भंडारे के साथ हुआ सोमयज्ञ का समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के वैष्णव जनों के लिए धार्मिक उत्साह का केंद्र बने श्री विराट बृहस्पति वाजपेय सोमयज्ञ में मंगलवार को भव्य अनुष्ठान संपन्न हुए। छह दिवसीय यज्ञ में प्रातरानुवाक पाठ, प्रातः और मध्यान्ह सवन, तृतीय सवन, यज्ञ दक्षिणा दान, यज्ञ भिक्षा और अक्षत वर्षा सहित पूज्य महाराजश्री के प्रवचन आयोजित किए गए।

विष्णु गोपाल यज्ञ में यजमानों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित की और अपने मनोरथों की पूर्ति की कामना की। यज्ञ के वैदिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पूज्य ब्रजोत्सव जी महाराज के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए। यज्ञ महोत्सव की सर्वाध्यक्षता जगतगुरु वल्लभ संप्रदाय आचार्य गोस्वामी श्री गोकुलोत्सव जी महाराज ने की। विशाल यज्ञशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भक्त दर्शन और परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। यज्ञ का भव्य स्वरूप और वैदिक विधानों का अनुपम संगम सभी वैष्णवजनों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। यज्ञ का समापन मंगलवार को हुआ। अंतिम दिवस पर श्री सोमयज्ञ एवं श्री विष्णु गोपाल यज्ञ संपन्न हुए। यज्ञभिक्षा और अक्षत वर्षा के अनुष्ठान के साथ विधिवत पूर्णाहुति हुई। समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में करीब 20 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई।



# अवैध रूप से चल रहे टैक्सी वाहनों पर शीघ्र कार्रवाई करे प्रशासन

**श्योपुर।** शहर श्योपुर में इन दिनों कई टैक्सी वाहनों को संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। जिसका खामियाजा को शासन को राजस्व की क्षति के रूप में उठाना पड रहा है।इसलिए प्रशासन इस मामले में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित हो रहे टैक्सी वाहनों पर कार्रवाई करें। यह मांग शहर श्योपुर के पंजीकृत टैक्सी वाहन मालिको ने मंगलवार को कलेक्टर श्योपुर को एक आवेदन सौंपकर की है। पंजीकृत टैक्सी वाहन मालिको के द्वारा कलेक्टर के नाम दिए गए आवेदन में बताया है कि शहर श्योपुर के बस स्टैंड पर जो वाहन टैक्सी वाहन के रूप में संचालित हो रहे है,उनमें से अधिकांश वाहन बिना पंजीकृत है,जिसकारण उनका संचालन अवैध है और जिन पर कई ड्राइवर अपराधी प्रवृति के है,जिससे इन वाहनों में सवारी करने वाले लोगों के साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है।

#### अंसारियान समाज की इज्तिमाई शादी आज, 22 जोड़ों के होंगे निकाह

**श्योपुर।** अंसारियान समाज की इज्तिमाई शादी बुधवार को ग्राम पांडोला में आयोजित की जाएगी इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 22 जोड़ों के निकाह पढ़ाए जाएंगे। इज्तिमाई शादी आयोजन के सदर कमरुद्दीन अंसारी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी अंसारी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम पांडोला में आयोजित की जा रही है इस शादी समारोह में पांडोला, श्योपुर, बड़ौदा, मांगरोल, बारां, कोटा, सवाई माधोपुर आदि शहरों से भी जोड़े शामिल होंगे। सुबह 9:00 बजे से शुरू होने वाले शादी समारोह में दोपहर 2:00 बजे तक सभी जोड़ों की विदा कर दी जाएगी। शादी समारोह में बैंड बाजा डीजे मुस्लिम समाज द्वारा लिए गए निर्णय के तहत बंद रहेगा।

### अंजुमन कमेटी ने ली मीट व्यवसायियों की बैठक, दिए सख्त निर्देश

# लोगों को स्वस्थ्य मीट उपलब्ध कराने लौटेगी 4 दशक पुरानी कस्साब परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पहले होली और बाद में ईद के अवसर पर मीट व्यवसायियों द्वारा की जाने वाली मनमानी और बीमार जानवर काट कर बेचने की शिकायतों को अंजुमन कमेटी ने गंभीरता से लिया है इस मामले में कमेटी ने मंगलवार को जामा मस्जिद में मीट व्यवसाईयों की बैठक कर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए साथ ही इस व्यवस्था में निगरानी के लिए चार दशक पुरानी कस्साब नियुक्त करने की परंपरा को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया है।

ईद के दूसरे दिन मुस्लिम समाज के लगभग हर घर में रिश्तेदारों की दावत के लिए मीट पकाया जाता है इस अवसर पर बड़ी संख्या में जानवर काटे जाकर मीट का व्यवसाय भी किया जाता है। सोशल मीडिया पर मीट व्यवसाईयों द्वारा बीमार जानवरों को काटे जाने और निर्धारित दर से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत की थी इसे गंभीरता से लेते हुए अंजुमन कमेटी ने मंगलवार को मीट व्यवसाईयों की बैठक बुलाई जिसमें अंजुमन सदर अकरम खान ने मीट व्यवसाईयों को सख्त हिदायत दी की वह लोगों को स्वस्थ्य जानवर का मीट ही खिलाए बीमार जानवर काटे जाने पर संबंधित के खिलाफ उपभोक्ता अधिकार अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान बैठक में तय हुआ कि अब मीट व्यवसाई अपनी रेट 600 रुपए प्रति किलो रखेंगे तीज त्यौहार पड़ने पर रेट नहीं बढ़ाएंगे साथ ही बीमार जानवर या बूढ़ी बकरी नहीं काटेंगे स्वस्थ जानवर काटने का प्रमाण पत्र पशु चिकित्सालय से लेना पड़ेगा। इस दौरान चार दशक पहले बंद हो गई व्यवस्था भी शुरू करने का निर्णय लिया है इसमें अंजुमन कमेटी एक वेतनिक कर्मचारी (कस्साब) नियुक्त करेगी जो खुद जानवर को जिबाह (बध) करने का काम करेगा ताकि बीमार और बूढ़े जानवर ना काटे जाए।

#### पार्षद ने की कलेक्टर से शिकायत

उधर पार्षद सलाउद्दीन बेलिम ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन सौंपते हुए मीट व्यवसाईयों द्वारा बीमार जानवर काटे जाने से रोकने की मांग की है। सलाउद्दीन ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि मीट व्यवसायियों द्वारा त्योहार के समय अचानक पैसे बढ़ा देते हैं जिससे गरीब लोगों को तीज त्यौहार पर खुशियां मनाना मुश्किल हो जाता है। बीमार जानवर का मांस काट कर बेचने से बीमारी फैलने का अंदेशा व्याप्त हो गया है। शहर में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मीट खाने का काम करते हैं और तीज त्यौहारों दशहरा होली ईद पर अधिक मीट खरीदा जाता जिसका लाभ मीट व्यवसायियों द्वारा उठाया जा रहा है। लोगों को महंगा मीट बेचने और बीमार जानवरों का गोश्त बेचने वाले मीट व्यवसायियों पर लगाम लगाए जाने की मांग करते हुए मांग की है कि कटने से पहले जानवर के स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र पशु चिकित्सक से लिया जाए।और नगर पालिका जो मीट व्यवसाय को नियंत्रित करने का ठेका देती है उसके तहत निगरानी रखने के निर्देश दिए जाएं।

### जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश, 173 लोगों की सुनी समस्याएं

# बीपीएल सूची में जुड़ेंगे पात्र लोगों के नाम, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए लगेगा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो लोग पात्र है,उनके नाम बीपीएल सूची में शामिल किए जाएंगे। वहीं पीएम किसान सम्मान निधी नहीं मिलने से परेशान हो रहे किसानों की इस समस्या का समाधान करने के लिए कलेक्ट्रेट के सिंगल विन्डो कक्ष में कैम्प आयोजित किया जाए। इस तरह के निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान लोगों की परेशानियों का समाधान करते हुए दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में समस्याए लेकर आए 173 लोगों की समस्याए सुनते हुए कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। वहीं जिनकी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण नहीं हो सका,उन्हें जल्द ही समस्या के निराकरण का भरोसा दिया है।

जनसुनवाई में आए पाण्डोला निवासी धर्मराज बैरवा, ग्राम नयागांव ढोढपुर निवासी बंशी बैरवा सहित अन्य कई आवेदकों ने कलेक्टर को आवेदन सौपकर अवगत कराया कि उनका परिवार बीपीएल सूची में शामिल होने की पात्रता रखता है। इसके बाद भी उनका नाम बीपीएल सूची में शामिल नहीं किया जा रहा है। जिसकारण कन्यादान विवाह योजना सहित पेंशन योजना जैसी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड रहा है। इस पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत पात्र आवेदको के नाम बीपीएल सूची में जोडने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। ऐसे बुजुर्ग दंपत्ति जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा पेंशन योजना अंतर्गत बीपीएल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नाम जोडने की कार्यवाही की जायें, इसके अलावा गंभीर बीमारियों में चिकित्सकीय आवश्यकताओं के मद्देनजर बीपीएल सूची में नाम जोडना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधी नहीं मिलने संबंधी समस्या लेकर आए आवेदकों की समस्या का निराकरण करते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख कुलदीप बोहरे को निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के सिंगल विन्डो कक्ष में कैम्प आयोजित कर इस प्रकार के आवेदनों का निराकरण किया जायें। कलेक्टर ने कलमुण्डा से आये ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि प्रायमरी स्कूल भवन की मरम्मत के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख 33 हजार रूपये की राशि जारी कर दी गई है। ग्राम चौपना निवासी केदार मीणा के आवेदन का निराकरण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बिजली बिलों की राशि अधिकृत केन्द्रों पर ही जमा कराई जायें, या फिर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जायें।



#### बागचा के विस्थापित तीन हितग्राहियों को मिली 36 लाख की राशि

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा बागचा से विस्थापित तीन हितग्राहियों की 36 लाख रूपये की एफडीआर राशि तत्काल रिलीज किये जाने की कार्यवाही की गई है, तीनों हितग्राहियों की 12-12 लाख की एफडीआर उनके बैंक खातों में राशि जारी करने हेतु बैंक को लिखित में पत्र जारी कर दिया गया है। ग्राम बागचा के विस्थापित बाली आदिवासी, बतुला राठौर एवं मुकेश राठौर निवासी ढेगदा ने कलेक्टर को अवगत कराया कि विस्थापन अंतर्गत शासन के प्रावधान के क्रम में उनके द्वारा विकल्प एक का चयन किया था, जिसमें उन्हें 15 लाख रूपये की एक मुश्त राशि कूनो वन मंडल द्वारा प्रदाय की गई, नियम के अनुसार ही लगभग तीन लाख रूपये की राशि तत्समय आवास निर्माण के लिए प्रदाय की गई थी, जिससे उन्होने आवास बना लिये है, शेष राशि खुर्दबुर्द न हो तथा परिवार की आजीविका के लिए उपयोग हेतु प्रावधान अनुसार कूनो वन मंडल द्वारा एफडीआर कराई गई है

#### अकरम और अन्नू को मिलेगा संबल का लाभ

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने वार्ड 11 निवासी श्योपुर अकरम खान एवं अन्नू बाई को उनके आवेदनों के परीक्षण उपरांत अवगत कराया कि कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। बता दें कि अकरम खान द्वारा अपनी पत्नि स्व. नगमा बानो की मृत्यु हो जाने तथा अन्नू बाई निवासी कागजी टोडी श्योपुर द्वारा पति स्व. मोहम्मद शफीक की मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि देने संबंधी आवेदन दिया था। कलेक्टर ने ग्राम गसवानी निवासी महिला गुड्डी बाई आदिवासी के आवेदन पर श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि का आवेदन ऑनलाइन करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जायें, जिससे हितग्राही महिला को दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का लाभ मिल सकें। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान महिला को तात्कालीक रूप से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चैक भी दिया गया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा भान निवासी ब्रजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार, राजकुमार, ललित और सोनू यादव ने उससे मारपीट की व घर में तोड़फार कर जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौगढ निवासी बाबू पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पटठा और सुनील पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी चैआ रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आलेख और नरेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरियाखेडी निवासी मानसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विष्णु अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानूनगो मोहल्ला पिपरई निवासी देवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल और मनीराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर खेत में पानी देने की 4 मोटर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम सिलावन निवासी सुरेश धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके खेत पर बनी पानी की डबरी के पास से अज्ञात चोर एसएसपी कंपनी की 5 हॉर्स पॉवर की मोटर एवं आकाश कंपनी की 5 हॉर्स पॉवर की मोटर चोरी कर ले गए। 2 मोटर चोरी होने पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार जिले के पिपरई थाने के ग्राम लिधौरा कला निवासी रंजीत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर फरियादी के खेत के पास से पानी देने की मोटर 5 हॉर्स पॉवर की चोरी कर ले गए। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत अर्जुन कुशवाह निवासी पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके सीगोंन वाले खेत से अज्ञात चोर पानी देने वाली मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### नवजात शिशु का शव बांगड़ के पास मिला

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी नासिर मुसलमान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ओम कॉलोनी में बागड़ के पास एक नवजात शिशु का शव मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम करैया हाट थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी बबलू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम सुमेर व बमुरिया के बीच कोई अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत डिपो कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि स्वराज ट्रेक्टर के अज्ञात चालक ने स्टेशन रोड पर अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापर वाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### जुए के दो अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम झांसाखेडी में जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रणवीर कुशवाह की दलान में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए कंन्छेरी अहिरवार, हरनाम कुशवाह, नंदलाल कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 940 रूपए जप्त किए गए हैं। इसी प्रकार बहादुरपुर पुलिस ने ही मनोज कुशवाह की दलान में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए रामलाल, सुनील और रणवीर कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1150 रूपए बरामद किए हैं।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर किया स्मरण

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मर-मिटने वालों का यही बांकी निशां होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू के शहादत दिवस पर अनेक संगठनों ने उनका स्मरण किया। अंग्रेजी हुकुमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले भारत की माटी के इन सपूतों को न केवल याद किया गया अपितु उनकी शहादत का नमन किया गया।






### डीएसओ छात्र संगठन ने पुंष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

छात्र संगठन डीएसओ ने गैर समझौतवादी धारा के महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरु के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर पार्क पर पुष्पांजलि कार्यक्रम व विचार प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसके साथ ही नेहरू पीजी कॉलेज सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर भी शहीद ए आजम भगतसिंह सुखदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत ऐ भगतसिंह तू जिंदा है हर एक लहू के कतरे में गीत से हुई।

आज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष अनुराग सागर ने बताया कि जब हमारे देश की आजादी आंदोलन की लड़ाई चल रही थी उस समय यह लड़ाई दो धाराओं में चल रही थी एक धारा थी समझौता वादी धारा जिसका नेतृत्व गांधी जी कर रहे थे और दूसरी धारा थी गैर समझौतावादी धारा जिसका नेतृत्व भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां,नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारी कर रहे थे। भगत सिंह,सुखदेव, राजगुरु अपने छात्र जीवन से ही आजादी आंदोलन में शामिल हो गए थे जब 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के द्वारा बड़े ही निर्मम ढंग से जब वहां एकत्रित लोगों पर गोलीबारी की गई और सैकड़ो लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया इस घटना से आहत होकर उनके मन में अंग्रेजों के दमन व उत्पीड़न के खिलाफ नफरत पैदा हो गई और अंग्रेजी गुलामी से हिंदुस्तान को आजाद करने का संकल्प लिया परिणाम स्वरुप अपने दोस्तों के साथ भी गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में शामिल हुए परंतु 1922 में हुई चोरी चोरा की घटना के कारण गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस लेने का निर्णय से दुखी होकर भी समझ पाए कि अहिंसा और समझौते के जरिए सही आजादी नहीं आएगी इसीलिए वे गैर समझौता वादी धारा के प्रतिनिधित्व कर रहे क्रांतिकारी संगठन में शामिल हो गए।

आगे बात रखते हुए उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों का जो सपना था वह आज अधूरा है आज देश में महिलाओं बच्चियों पर अपराध बढ़ रहे हैं, शिक्षा महंगी होती जा रही है, हमारे मध्य प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की गई सीएम राइस स्कूल पॉलिसी के तहत मध्य प्रदेश में 94000 सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं। आज तमाम तरह के अन्याय, अत्याचार व गलत नीतियों के खिलाफ हम सभी को इकट्ठा होने की जरूरत है, इन महापुरुषों के सपने का भारत बनाने के लिए हम सभी को आगे आने की आवश्यकता है। संचालन किया जिला उपाध्यक्ष पूजा ओझा ने किया व कार्यक्रम के दौरान शहर के नागरिक और बड़ी संख्या में छात्र नौजवान शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने शहीदों के स्मारक पर पुष्प मालाएं अर्पित कीं

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा स्थानीय पछाड़ीखेड़ा तालाब स्थित पार्क पर पहुंचकर भारत माता के अमर वीर शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी को नमन कर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और भारत माता की जय के नारे लगाए गए।

बताया गया कि देश को आज़ाद कराने के संकल्प के साथ उन्होंने जिस साहस, त्याग और बलिदान का परिचय दिया है, वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान और उनकी देशभक्ति भारत की आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी। आज के युवाओं को भी उन्हें आदर्श मानकर चलना चाहिए क्योंकि यही हमारे देश के सच्चे वीर हैं। इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक इंजी. हरीबाबू राय,नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन महाराज, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष यशपाल यादव,वरिष्ठ कांग्रेसी भागवत लोधी, रामस्वरूप शिवहरे, सुरेंद्र रघुवंशी सर्वन कुशवाहा आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने शहीदों को नमन किया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर तुलसी सरोवर स्थित अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले इन महान वीरों के जीवन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रमय बना दिया। जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया कि शहीद दिवस हमें उन वीर सपूतों के त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ललित रघुवंशी, नगर मंत्री अर्चित शाक्य, नगर सह मंत्री विपिन अहिरवार एवं नगर सह मंत्री कुलदीप साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### युवक का शव रेल पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** स्थानीय माता मंदिर के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला है जिसकी पहचान बलवीर पुत्र किशन अहिरवार उम्र 30 साल के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह युवक शराब पीने का आदी था और अपने परिवार से अलग रह रहा था, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### डिवाइडर पर ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे में एक ट्रेक्टर स्पीड ब्रेकर पर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक राजेश पुत्र कल्ला अहिरवार को चोटे आई हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि उक्त युवक भूसा खाली कर वापिस लौट रहा था तभी डिवाइडर पर ट्रेक्टर तेज गति में होने के कारण पलट गया। इस घटना में घायल राजेश को पहले शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में उसे जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए लाया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। जिले भर में जहां जहां भी स्पीड ब्रेकर लगे हैं उन सभी स्थानों पर कहीं भी संकेतक नहीं है। वाहन तेज गति से आने के दौरान इन स्पीड ब्रेकरों पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

### जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 26 को लगेगा

**अशोकनगर।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार 26 मार्च को प्रातः 11 बजे से युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 'जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर में आयोजित किया गया है। शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास तथा रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियो में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे एवं विभिन्न पदों पर भर्ती होगी।

**हैंडपंप के बोर में जा रहा नाली का पानी**

# भागीरथपुरा जैसी घटना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे के मंडी मोहल्ला में कुछ महीनों पहले मंडी पहुंच मार्ग से लगकर नाली बनाई गई थी। इस नाली के किनारे एक हैंडपंप है। जिसका प्लेटफार्म टूटा हुआ है। नाली बनाने के दौरान हैंडपंप को नाली के बीच ले लिया गया। न तो नाली डायवर्ट की गई और न ही हैण्डपंप को बंद किया गया। इस हैंडपंप का प्लेटफार्म टूटा हुआ है और कई महीनों से नाली का पानी हैंडपंप के बोर में जा रहा है। जिससे पानी दूषित हो गया है। इस हैंडपंप से मंडी मोहल्ला के 50 से अधिक परिवार पेयजल भर कर ले जाते हैं। इनमें से एक गोपाल अहिरवार का कहना है कि पानी में बदबू आ रही है लेकिन कोई दूसरा स्त्रोत नहीं होने से इसी का पानी पी रहे हैं। पानबाई अहिरवार ने बताया कि वह इसी नल का पानी पीती हैं। बीते महीनों में कई बार बीमार हो चुकीं। बता दें कि मंडी मोहल्ले में 95 प्रतिषत परिवार अनुसूचित जाति के हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कुछ महीने पहले जैसे इंदौर के भागीरथपुरा में कई लोगों की मौत दूषित पानी से हो गई है, ऐसी ही घटना मंडी मोहल्ला में भी घट सकती है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गर्मी के दिनों में पानी के और भी दूषित होने का खतरा है।



### मंडी आने वाले किसानों को भी इसी हैंडपंप का सहारा

यह हैंडपंप उपमंडी के मुख्यद्वार के सामने कुछ दूरी पर लगा हुआ है। मंडी परिसर के अंदर पेयजल के सभी स्त्रोत बंद हैं। कुछ जगह मटके रखे हुए हैं जो सैकड़ों किसानों के लिए जलापूर्ति नहीं कर पाते। ऐसे में मंडी आने वाले किसानों के लिए इसी हैंडपंप का सहारा है। जबकि हैंडपंप में नाली का पानी सीधे अंदर जा रहा है। इस संबंध में सरपंच धर्मेन्द्र खटीक का कहना था कि नाली बनाना भी जरूरी था और हैंडपंप को भी बंद नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि हैंडपंप का पक्का प्लेटफार्म बनाकर उसे ऊंचा कर रहे हैं जबकि पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी का कहना है कि उन्हे इसकी जानकारी नहीं थी। जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे।

# पैर पखारे एवं पुष्पवर्षा कर 65 कन्याओं का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




परमार्थ सेवा संगठन व्दारा नवसंवत्सर हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य मे कानूनों वार्ड

स्थित श्री शीतला माता मंदिर पर कन्या पूजन, भारतमाता की आरती एवं नवसंवत्सर एवं नवरात्रि साधना पर्व पर व्याख्यांन माला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद प्रसाद नामदेव ने भारत माता के चित्र पर तिलक कुमकुम लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कन्याओं के पैर पखार कर सभी कन्याओं को पैरों में माहुर लगाकर कुमकुम अक्षत से तिलक किया गया एवं सभी कन्याओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। साथ ही उपहार बैठकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर 65 कन्याओं का पूजन किया गया। पंडित रविशंकर अवस्थी ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए विधी विधान से पूजन करवाया। कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा बताया की परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्र नवसंवत्सर हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य मे प्रतिवर्ष दोनों नवरात्रि पर्व पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें अनेक प्रकार की सामग्री भी भेंट करते है। व्याख्यान माला में राम शर्मा, ज्योति तिवारी, वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल दीक्षित, कार्यक्रम प्रभारी ममता चौरसिया, प्रीति लखेरा, प्रो. डालचंद पटैल, भोले सेन आदि ने अपने विचार रखे।

### जिला वाटरशेड विकास व सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला वाटरशेड विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संपादित की गई गतिविधियों के संबंध में निर्देश दिए कि गतिविधियां हेतु हुए लाभ को सूचीबद्ध कर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने सब्जी उत्पादन अन्तर्गत उत्पाद के बिक्री हेतु उचित स्थान पर स्टॉल अथवा अन्य माध्यम से सब्जियां बिक्री हेतु उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2.0 अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में अद्यतन संपादित किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण, परियोजना अन्तर्गत शेष उपलब्ध राशि से जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत लिए जाने वाले कार्यों का प्रस्तुतीकरण एवं कृषक उत्पादक संगठन द्वारा ली जा सकने वाली गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण समिति के समक्ष किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ.बी.एस.गुप्ता, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विनोद गंगवाल आदि मौजूद थे।

# प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्यः कुशवाहा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नवांकुर संस्था अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ कटरा मंदिर के बाजू में किया गया। जिसमें लोगों को ठंडा पानी मिल सकेगा।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर जल मंदिर प्याऊ लगाने से लोगों को ठंडा जल मिल सकेगा। हम सभी को अपनी व्यवस्था अनुसार सार्वजनिक प्याउ लगाना चाहिए।

नवांकुर अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर जल व्यवस्था कर प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमोद चढार, नरेश तिवारी, अमित कौशिक, गौतम, बलराम कुशवाहा, राकेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 19 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी जल गंगा सर्वधन अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य कराएं जाए। अभियान के तहत नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।



बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गंगा सर्वधन अभियान जिले में पुरानी बावड़ियों और तालाबों के गहरीकरण और पुनरुद्धार का कार्य किया जाए। साथ ही ऐतिहासिक भवनों,किलों का साफ- सफाई का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के इस अभियान में आमजन की सक्रिया भागादारी हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग लंबित शिकायतों का गंभीरता से निराकरण कराते हुए ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। जिससे विभागीय ग्रेडिग में सुधार आ सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्ड न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 100 दिवस एवं 50 दिवस से अधिक शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ रहे। साथ ही पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति हेतु कार्ययोजना अनुसार कार्य किया जाए। साथ ही नल जल योजना के पूर्ण, अपूर्ण कार्यो की जानकारी अपडेट रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को आईगोट हेतु शत प्रतिशत प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के संबंध में समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत एवं कृषि विभाग को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत नरवाई प्रबंधन हेतु कार्ययोजना एवं जनजागरूक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

# मां जागेश्वरी को लगाया 56 भोग महाआरती आयोजन में उमड़े भक्त



**बीना।** चैत्र नवदुर्गा की पंचमी पर मां जागेश्वरी शक्ति पीठ पर विराजमान मां जागेश्वरी को 56 भोग लगाकर महा आरती का आयोजन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जो महा आरती के साथ छप्पन भोग में शामिल हुए और मां की आराधना की।

